**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to take steps to include various Nomads in the various Government Welfare Schemes.

**श्रीमती अपरूपा पोद्दार (आरामबाग):** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान एक गम्भीर विषय की ओर आकृष्ट करना चाहूंगी । जब भी हम लोग सैशन के लिए आते हैं और इन्दिरा गांधी एयरपोर्ट से ट्रैवल करके अपने घर जाते हैं तो हम देखते हैं कि ट्रैफिक सिग्नल्स पर जो बंजारे होते हैं, वे अपने बच्चों को कुछ न कुछ बेचने के लिए वहां खड़ा कर देते हैं, ताकि उन लोगों से कोई फूल या टॉइज खरीद ले । इस इण्टरनेशनल एयरपोर्ट पर देश-विदेश से बहुत टूरिस्ट आते हैं तो वे देश के प्रति क्या छवि लेकर जाते होंगे? ये बंजारे हर गवर्नमेंट पॉलिसी से वंचित रहते हैं । जैसे क्या इनके पास आधार कार्ड होता है? क्या इन लोगों के बच्चे सही से इम्यूनाइज होते हैं? इस चीज को हम लोगों ने पांच सालों से देखा है, लेकिन किसी ने भी बंजारों के लिए कोई बात नहीं उठाई है । अध्यक्ष महोदय, आप भी राजस्थान से हैं । जब हम लोग जयपुर एयरपोर्ट से हाइवे की तरफ जाते हैं, तो हमने यह देखा है । जब गवर्नमेंट ह्यूज मेंडेट लेकर आई है तो इन लोगों के बारे में भी जरूर सोचे ।

**माननीय अध्यक्ष:** श्रीमती प्रतिमा मण्डल को श्रीमती अपरूपा पोद्दार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

आज जिन माननीय सदस्यों का नाम लॉटरी में निकला, परंतु वे समय पर उपस्थित नहीं हुए हैं, उनका नम्बर नहीं आएगा । उनका नम्बर नैक्स्ट टाइम आएगा । वे बार-बार यहां पर न आएं । मैं व्यवस्था दे चुका हूं ।